कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

संख्या- ले.ह./03/नि.वि.-1/विधिक/536/2025/1379 दिनांकः 20.02.2026

कार्यालय आदेश

अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, जौनपुर ने पत्रांक 44/एसटी0-सामान्य(डी0ए0ओ0)/26, दिनांक 09/02/2026 के माध्यम से सूचित किया था कि श्री राम मिलन यादव, वरिष्ठ प्रभागीय लेखाधिकारी दिनांक 01/02/2026 से लगातार बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित चल रहे है, जिसके कारण खण्ड की वितीय एवं भौतिक प्रगति प्रभावित हो रही है। उक्त के क्रम में इस कार्यालय के पत्रांक- ए0ई0/03/नि.वि.-1/विधिक/536/2025/62879 दिनांकः 11.02.2026 के द्वारा श्री राम मिलन यादव से अनुपस्थिति के सम्बन्ध में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया था।

उक्त अनुपस्थिति के सम्बन्ध में श्री राम मिलन यादव द्वारा अपने पत्र दिनांक 12/02/2026 के माध्यम से प्रस्तुत स्पष्टीकरण में दिये गए कारणों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा सम्यक रूप से विचार करने के पश्चात संतोष जनक नहीं पाया गया है। अधिशासी अभियन्ता के पत्र दिनांक 17.02.2026 के माध्यम से प्राप्त सूचना के अनुसार श्री यादव दिनांक 17.02.2026 तक खण्ड में उपस्थित नहीं हुये हैं।

अतः श्री राम मिलन यादव, वरिष्ठ प्रभागीय लेखाधिकारी, व्यक्तिगत संख्या 952 की दिनांक 01/02/2026 से दिनांक 17/02/2026 तक की अनधिकृत अनुपस्थिति को 'अकार्य दिवस' (Dies-non) घोषित किया जाता है। उक्त अवधि को सेवा में जोड़ा नहीं जाएगा और न ही सेवा में व्यवधान माना जाएगा।

20/2/26

वरिष्ठ उपमहालेखाकार/निर्माण

संख्या- ले.ह./03/नि.वि.-1/विधिक/536/2025/85-88 दिनांकः 20.02.2026

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः

1. श्री राम मिलन यादव, वरिष्ठ प्रभागीय लेखाधिकारी, व्य०सं० 952 को कार्यालय की वेबसाइट के माध्यम से।
2. अधिशासी अभियाता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, जौनपुर को इस आशय से प्रेषित कि उक्त अकार्य दिवस की प्रविष्टि श्री राम मिलन यादव की सेवा पुस्तिका में करना सुनिश्चित करें। श्री राम मिलन यादव को दिनांक 01-02-2026 से दिनांक 17-02-2026 तक का वेतन एवं भत्ता देय नहीं होगा।
3. वरिष्ठ लेखाधिकारी/नि.वि.-2, कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हक), उत्तर प्रदेश, प्रयागराज को श्री यादव की व्यक्तिगत पत्रावली एवं ए0पी0ए0आर0 डोजीयर में संलग्न करने हेतु।
4. वरिष्ठ लेखाधिकारी/आई०टी०सी०जी०, कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हक), उत्तर प्रदेश, प्रयागराज को इस अनुरोध के साथ कि इस कार्यालय आदेश को कार्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

वरिष्ठ लेखाधिकारी/नि०वि०-1(विधिक)